विधान परिषद के तृतीय सत्र 2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–7 का उत्तर।

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 7–(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश में बैगा सपेरा जाति निवास करती है? | जी हॉ |
| (ख) यदि हाँ, तो किस–किस जनपद में निवास करती है? | भारत सरकार के राजपत्र अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) एक्ट, 1976 में उ0प्र0 की अनुसूचित जाति की सूची में **बैगा जाति** क्रमांक–05 पर अनुसूचित जाति के रूप में सूचीबद्ध है।<br>भारत सरकार के राजपत्र अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) एक्ट, 2002 में उ0प्र0 की अनुसूचित जनजाति की सूची में **बैगा जाति** क्रमांक–10 पर जनपद सोनभद्र में सूचीबद्ध है। **सपेरा जाति** उ0प्र0 शासन, समाज कल्याण अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या–22सीएम/26–3–2013 लखनऊ दिनांक 10 जून, 2013 में विमुक्त घुमन्तू जातियॉ (सूची–ख) के कमाक–14 पर सपेरा (सपेरिया) जनपद इलाहाबाद, मथुरा तथा सहारनपुर में क्षेत्रीय प्रतिबन्ध के साथ सूचीबद्ध है। |
| (ग) क्या बैगा सपेरा जाति के अलग–अलग जनपद में अलग–अलग जाति वर्ग के प्रमाण–पत्र बनाये गये हैं? | किसी राज्य विशेष हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा विमुक्त जाति की अद्यतन प्रभावी सूची में सूचीबद्ध जातियों के अनुसार ही बैगा सपेरा जाति के व्यक्ति को उससे सम्बन्धित जाति प्रमाण पत्र नियमानुसार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये जाने की व्यवस्था है। |
| (घ) यदि हाँ, तो क्या उनके सभी जिलों में एक ही जाति वर्ग के प्रमाण–पत्र बनवायेंगे? | उपरोक्तानुसार |
| (ड.) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार |
| (च) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार |

असीम अरूण
राज्य मंत्री (स्व0प्र0)।